महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

## नानाजी देशमुख ने ग्राम सेवा का आदर्श स्थापित किया : प्रो. सिंह
## 'भारतीय समाज कार्य के प्रति नानाजी देशमुख की समग्र दृष्टि' संगोष्ठी उद्घाटित

वर्धा, 16 अक्टूबर 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में वर्धा समाज कार्य संस्थान द्वारा भारतीय समाज कार्य दिवस के अवसर पर समिश्रित पद्धति से बुधवार, 16 अक्टूबर को दत्तोपंत ठेंगडी सभागार में 'भारतीय समाज कार्य के प्रति नानाजी देशमुख की समग्र दृष्टि' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि भारत रत्न नानाजी देशमुख ने समग्र विकास की दृष्टि की अवधारणा प्रस्तुत करते हुए ग्राम सेवा का आदर्श स्थापित किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने जिस प्रकार वर्धा में आकर सेवाग्राम में पीडितों की सेवा का कार्य किया, जीवन भर समाज कार्य ही उनकी प्राथमिकता रही। उन्होंने आदर्श ग्राम की संकल्पना प्रस्तुत की इस प्रकार नानाजी देशमुख ने जीवन पर्यंत सामाजिक कार्य कर देश और समाज को सामाजिक कार्य करने की दिशा दी।




इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. नीलकण्ठ तिवारी ने ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि नानाजी देशमुख ने देशानुकुल विचार को आगे बढ़ाया। नानाजी देशमुख ने अपने राजनीतिक व सामाजिक जीवन में परिवार, समाज व राष्ट्र की चिंत्ता का विचार दिया। उन्होंने ग्रामोदय की संकल्पना रखी और शिक्षा, स्वावलबंन, स्वास्थ्य व समरसता की अवधारणा रखकर इसके अनुरूप कार्य किए। जलसंचयन, जैविक खेती के प्रयोग और ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना कर उन्होंने ग्रामोत्थान का काम किया और विकास का युगानुकुल व देशानुकुल प्रारूप तैयार किया।

स्वागत भाषण में विवि के वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक प्रो. बंशीधर पाण्डेय ने कहा कि नानाजी ने विदर्भ की धरती से समाज कार्य की शुरूआत की। ग्रामीण विकास का उनका प्रारूप देश और दुनिया में अपनाया है। उनके विचार में गांधी व विनोबा की दृष्टि समाहित है। नानाजी का सामुदायिक विकास व डॉ. आंबेडकर का सामाजिक न्याय का आदर्श नई पीढ़ी को अपनाना चाहिए।


पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

आभार ज्ञापित करते हुए कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील ने कहा कि नानाजी देशमुख की आभा में प्रचारक और परिचारक का भाव है। उन्होंने आवाह्न किया कि हमें विचारकों की दृष्टि से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालय डॉ. शिव सिंह बघेल ने किया। मंगलाचरण डॉ. जगदीश नारायण तिवारी ने प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ कुलगीत तथा नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, डॉ. विजय कुमार, डॉ. आनन्द भारती, डॉ. मनोज कुमार तिवारी, बी. एस. मिरगे, राजेश यादव, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. शिवाजी जोगदंड सहित विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

-----------------------------------------------------

मराठी :

नानाजी देशमुख यांनी ग्रामसेवेचा आदर्श प्रस्थापित केला : प्रो. सिंह

'नानाजी देशमुख यांची भारतीय समाजकार्याची समग्र दृष्टी' परिसंवादाचे उद्घाटन

वर्धा, 16 ऑक्टोबर 2024: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या वर्धा समाज कार्य संस्थान तर्फे भारतीय समाजकार्य दिनानिमित्त दत्तोपंत ठेंगडी सभागृहात संमिश्र पद्धतीने बुधवार, 16 ऑक्टोबर रोजी 'नानाजी देशमुख यांची भारतीय समाजकार्याची समग्र दृष्टी' या विषयावर एकदिवसीय चर्चासत्राच्या उद्घाटन सत्राच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह म्हणाले की भारतरत्न नानाजी देशमुख यांनी सर्वांगीण विकासाची संकल्पना मांडून ग्रामसेवेचा आदर्श निर्माण केला. महात्मा गांधींनी ज्या प्रकारे वर्धेत येऊन सेवाग्राममध्ये पीडितांची सेवा केली. आयुष्यभर समाजकार्य हे त्यांचे प्राधान्य राहिले. आदर्श गावाची संकल्पनाही त्यांनी मांडली अशाच प्रकारे नानाजी देशमुख यांनी आयुष्यभर समाजकार्य करून देशाला व समाजाला समाजकार्य करण्याची दृष्टी दिली.

यावेळी उत्तर प्रदेशाचे माजी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. नीलकण्ठ तिवारी ऑनलाइन माध्यमातून संबोधित करताना म्हणाले की नानाजी देशमुख यांनी देशहिताचे विचार मांडले. त्यांनी आपल्या राजकीय आणि सामाजिक जीवनात कुटुंब, समाज आणि राष्ट्राची चिंता वाहिली. त्यांनी ग्रामोदयाची कल्पना केली आणि त्यानुसार शिक्षण, स्वावलंबन, आरोग्य आणि समरसता या संकल्पनांसह कार्य केले. जलसंचय, सेंद्रीय शेतीचा प्रयोग आणि ग्रामोदय विश्वविद्यालयाची स्थापना करून त्यांनी ग्रामीण उन्नतीसाठी काम केले आणि विकासाचे युगानुकुल व देशानुकुल प्रारूप तयार केले.

स्वागतपर भाषणात विश्वविद्यालयाच्या वर्धा समाज कार्य संस्थानचे निदेशक प्रो. बंशीधर पांडे म्हणाले की नानाजींनी विदर्भाच्या भूमीतून सामाजिक कार्याला सुरुवात केली आणि त्यांचे ग्रामीण विकासाचे प्रारूप देश आणि जगाने स्वीकारले आहे. गांधी आणि विनोबांची दूरदृष्टी त्यांच्या विचारांमध्ये सामावलेली आहे. नानाजींचा समाजविकासाचा तर डॉ. आंबेडकरांचा सामाजिक न्यायाचा आदर्श नव्या पिढीने अंगीकारला पाहिजे असेही ते म्हणाले.

आभार व्यक्त करताना कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील म्हणाले की नानाजी देशमुखांच्या चिंतनात प्रचारक आणि परिचारक असा भाव आहे. विचारवंतांच्या संकल्पनेनुसार विकसित भारताची संकल्पना पूर्ण करण्याचे आवाहन त्यांनी केले. कार्यक्रमाचे सूत्रसंचालन डॉ. शिवसिंह बघेल यांनी केले. डॉ जगदीश नारायण तिवारी यांनी मंगलाचरण सादर केले.

कार्यक्रमाची सुरुवात कुलगीताने व नानाजी देशमुख यांच्या प्रतिमेला पुष्प अर्पण करून व दीपप्रज्ज्वलनाने झाली. राष्ट्रगीताने कार्यक्रमाची सांगता झाली. या प्रसंगी प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ.

अभिषेक कुमार सिंह, डॉ. विजय कुमार, डॉ. आनन्द भारती, डॉ. मनोज कुमार तिवारी, बी. एस. मिरगे, राजेश यादव, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. शिवाजी जोगदंड यांच्या सह मोठ्या संख्येने विद्यार्थी उपस्थित होते.

-------------------------------------------------------

नमस्कार !

मा. संपादक/संवाददाता महोदय, कृपया संलग्न समाचार को प्रकाशित कर अनुगृहीत करने का कष्ट करें।

सादर धन्यवाद।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305